डेटा विज्ञान पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का सांख्यिकी एवं परिचालन अनुसंधान विभाग "Innovative trends in statistics, optimisation, and data science अर्थात् सांख्यिकी, अनुकूलन और डेटा विज्ञान में नवीन रुझान" विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है।

- यह भारतीय संभाव्यता एवं सांख्यिकी सोसायटी (ISPS) **के 44वें वार्षिक सम्मेलन** और भारतीय विश्वसनीयता एवं सांख्यिकी एसोसिएशन **के आठवें सम्मेलन** के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य बिंदु

- **अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का विवरण:**
- **तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 21 से 23 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा।**

- चर्चा का उद्देश्य एवं विषय:
    - **कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के** कुलपति के अनुसार यह सम्मेलन निम्नलिखित विषयों पर चर्चा के लिये एक मंच के रूप में कार्य करेगा:
        - उत्तरदायी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)
        - डेटा-केंद्रित AI
        - एज इंटेलिजेंस
        - डेटा सफाई का स्वचालन
        - उद्योग-विशिष्ट डेटा अनुप्रयोग
        - डाटा प्राइवेसी
        - अन्य प्रासंगिक AI-संबंधित विषय

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)

- **परिचय:**
    - **AI एक कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित** रोबोट की वह क्षमता है जो ऐसे कार्य कर सके जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं क्योंकि उनके लिये मानवीय बुद्धि और विवेक की आवश्यकता होती है।
        - यद्यपि ऐसा **कोई AI नहीं है जो सामान्य मनुष्य द्वारा किये जा सकने वाले विविध प्रकार के कार्य कर सके,** फिर भी कुछ AI विशिष्ट कार्यों में मनुष्यों की बराबरी कर सकते हैं।
- **विशेषताएँ एवं घटक:**
    - कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आदर्श विशेषता इसकी **तर्कसंगतता और ऐसे कार्य करने की क्षमता है,** जिनसे किसी विशिष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे अच्छी संभावना होती है। AI का एक उपसमूह मशीन लर्निंग (ML) है।
    - डीप लर्निंग (DL) तकनीकें पाठ (गद्य), चित्र या वीडियो जैसे असंरचित डेटा की विशाल मात्रा के अवशोषण के माध्यम से **इस स्वचालित शिक्षण को सक्षम बनाती हैं।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-conference-on-data-science